वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-304 सागवाड़ा,मंगलवार,26 जुलाई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सागवाडा– पंचायत समिति की बैठक में भ्रष्टाचार की गूंज

हंगामेदार रही पंचायत समिति सागवाडा की साधारण सभा

सागवाड़ा। पंचायत समिति की साधारण सभा बैठक मंगलवार को सभा भवन में आयोजित हुई जिसमे सदस्यों ने समस्याओं का समाधान नही होने से जमकर विरोध जताया।

बैठक ईश्वरलाल सरपोटा की अध्यक्षता व विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी सहित कई विभागधिकारियो की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में सहायक विकास अधिकारी हेमंत भावसार ने गत बैठक की कार्यवाही बताई जिसके बाद प्रारंभ हुई विभागवार चर्चा में पाडवा सरपंच जगन्नाथ ननोमा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी व छाणी सरपंच कैलाश रोत ने महिला एवं बाल विकास विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाए। वही उप प्रधान नरेश पाटीदार ने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही गणेशपुरी सरोदा सड़क के बनते ही टूटने की बात करते हुए भ्रष्टाचार का अंदेशा जताया। पाडवा कराड़ा सड़क भी खस्ताहाल होने की बात बताई। पंचायत समिति सदस्य जयंतीलाल कटारा ने ठाकरड़ा यादव बस्ती में लंबे अर्से से सड़क पर जमा गंदे पानी की समस्या को

लेकर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार बार समस्या से अवगत कराया जा रहा है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। क्या हम यहां सिर्फ कचोरी समोसा खाने आते है। जिस पर विकास अधिकारी व प्रधान ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जलदाय विभाग के सहायक अभियंता अनुकूल फोकर द्वारा विभागीय जानकारी दी गई वही जलदाय विभाग की समस्याओं पर चर्चा के दौरान ठाकरडा पंचायत समिति सदस्य जयंतीलाल कटारा व पाडवा सरपंच जगन्नाथ ननोमा ने नंदोड व ठाकरडा में पाइप लाइन डालने का कार्य लंबे समय से नही होने की समस्या रखी। पंचायत समिति सदस्यों व सरपंचो ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याए रखी।

बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रमेश पाटीदार, ब्लॉक चिकित्साधिकारी पंकज खांट, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अरविंद पाटीदार, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी भेमजी खांट ने जानकारियां दी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रेखा रोत, राजेन्द्र परमार, माया कलासुआ, पंचायत समिति सदस्य योगेश खांट,

सरपंच प्रकाश डिण्डोर, कांतिलाल रोत, पन्नालाल डोडियार, पुष्पादेवी सरपोटा सहित कई पंचायत समिति सदस्य व सरपंच मौजूद रहें।

कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा मे फर्जी परीक्षार्थी सहित सहयोगी गिरफ्तार

जयपुर। योगेश गोयल , आई.पी.एस. , पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ,ने बताया कि वर्तमान समय में होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओ जिनका परीक्षा केन्द्र जिला जयपुर दक्षिण के अर्न्तगत कोलेजो मे आता है मे परीक्षार्थीयो की अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने हेतु समस्त व परीक्षाओ के दौरान गडबडी करने वालो की धरपकड हेतु सभी थानाधिकारियो को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में चाकसू सर्किल मे अति.पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण भरत लाल मीणा के निर्देशन मे के.के. अवस्थी सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू के मार्गदर्शन मे हरिपाल सिंह पु.नि. थानाधिकारी थाना शिवदासपुरा के नेतृत्व मे कैलाश चन्द उ.नि., हुसैन अली उ.नि. , इकराम 9161, राजेश कुमार कानि. की टीम का गठन किया गया , टीम द्वारा वाईआईटी कोलेज सीतापुरा जयपुर में कर्मचारी चयन आयेग की परीक्षा के दौरान डमी परिक्षार्थी व उसके सहयोगी को गिरफतार किया गया है ।

अवैध ब्लास्टिंग से क्वार्ट्ज स्टोन का अवैध खनन

साबला पुलिस ने ट्रेक्टर व कम्प्रेशर किया जब्त, 45 डिटोनेटर व 48 जिलेटिन की छड़े की बरामद, चालक गिरफ्तार

आसपुर। जिले की साबला थाना पुलिस ने क्वार्ट्ज स्टोन के अवैध खनन के खिलाफ बोडीगामा छोटा गाँव में कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध खनन के लिए अवैध रूप से ब्लास्टिंग करते एक ट्रेक्टर व कम्प्रेशर को जब्त किया है। वही पुलिस ने मौके से 45 डिटोनेटर व 48 जिलेटिन की छड़े भी बरामद की है। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। वही खनिज विभाग ने क्वार्ट्ज स्टोन के अवैध खनन व जब्त ट्रेक्टर पर 2 लाख 11 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की डूंगरपुर जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा की ओर से अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत साबला थाना क्षेत्र के बोडीगामा छोटा गाँव में क्वार्ट्ज स्टोन के अवैध खनन की सुचना मिली थी। सुचना पर साबला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान वहा देखा की अवैध रूप से ब्लास्टिंग कर ट्रेक्टर व कम्प्रेशर मशीन द्वारा क्वार्ट्ज स्टोन का अवैध खनन किया जा रहा था। जिस पर पुलिस ने उदयपुर जिले के भिंडर थाना क्षेत्र के टेकन गाँव निवासी ट्रेक्टर चालक प्रेमलाल पिता प्रताप मीणा को गिरफ्तार किया। वही उसके कब्जे से अवैध विस्फोटक सामग्री 45 डिटोनेटर व 48 जिलेटिन की छड़े भी बरामद की। कारवाई के बाद पुलिस ट्रेक्टर व विस्फोटक सामग्री और चालक को लेकर साबला थाने पहुंची। वही पुलिस खनिज विभाग को भी सुचना दी। सुचना पर खनिज विभाग की टीम बोडीगामा छोटा गाँव पहुंची जहा पर खनिज विभाग की टीम ने पाया की मौके पर अवैध खनन करते हुए 101.25 टन क्वार्ट्ज स्टोन निकाला गया है। जिस पर खनिज विभाग ने अवैध खनन व ट्रेक्टर पर 2 लाख 11 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

फोटो स्टूडियो को चोरो ने बनाया निशाना

2 एलईडी, प्रिंटर, सीपीयू व केमरा सहित अन्य सामान हुआ चोरी, व्यापारियों में आक्रोश

सागवाडा। जिले के चितरी थाना क्षेत्र के बडगी गाँव में बीती रात चोरो ने एक फोटो स्टूडियो को अपना निशाना बनाया है। चोर स्टूडियो के शटर का ताला तोड़कर स्टूडियो में रखी 2 एलईडी, प्रिंटर, सीपीयू व केमरा सहित अन्य सामान चुरा ले गए है। पीड़ित फोटो स्टूडियो मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शूरू कर दी है। इधर चोरी की वारदात से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। डूंगरपुर जिले के चितरी थाने के थानाधिकारी गोविन्द सिंह ने बताया की सागवाडा निवासी अखिल पिता राजेन्द्र सोमपुरा की चितरी थाना क्षेत्र के बडगी में एक फोटो स्टूडियो है। कल शाम को अखिल सोमपुरा स्टूडियो को बंद करके घर गया था। वही आज सुबह जब अखिल सोमपुरा वापस बडगी अपने स्टूडियो पर पहुंचा तो देखा की स्टूडियो के शटर का ताला टुटा हुआ था। जिस पर उसे चोरी का अंदेशा हुआ। अखिल ने शटर ऊंचा करके अंदर देखा तो स्टूडियो में सामान बिखरा हुआ था। चोर स्टूडियो में रखी 2 एलईडी, प्रिंटर, सीपीयू व केमरा सहित अन्य सामान चुरा ले गए है। जिस पर पीड़ित स्टूडियो मालिक अखिल सोमपुरा ने मामले की सुचना चितरी थाना पुलिस को दी। सुचना पर स्टूडियो पर आसपास के व्यापारियों की भीड़ लग गई वही चितरी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्टूडियो मालिक अखिल से घटना की जानकारी ली। जिसमे उसने बताया की चोर स्टूडियो में रखा लाखो का सामान चुरा ले गए है। पीड़ित स्टूडियो मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इधर कस्बे में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है।

कस्बे के व्यापारी चितरी थाने पहुंचे और अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस ने जल्द से जल्द चोरी की वारदातों के खुलासे की मांग की है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल मिश्र की शिष्टाचार भेंट

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार दोपहर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल मिश्र ने राष्ट्रपति मुर्मू को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राजभवन में बन रहे संविधान पार्क और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता के लिए राजभवन स्तर पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।

कांग्रेसी संघर्ष के लिए तैयार रहें

चुनाव से पहले प्रदेश में मोदी और शाह ईडी-आयकर के छापे पडवायेंगे: डोटासरा

जयपुर । दिल्ली में सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में राजस्थान कांग्रेस ने जयपुर के शहीद स्मारक पर सत्याग्रह किया। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर हमला बोला। डोटासरा ने कहा, जहां-जहां चुनाव होने हैं, वहां भाजपा का केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से सत्ता के दुरुपयोग का कुचक्र शुरू हो जाता है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान में भी पूरी प्लानिंग के साथ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का कुचक्र चलाने जा रहे हैं। हम इनसे डरने वाले नहीं हैं, हम इनका बिना घबराए स्वागत करेंगे।, क्योंकि जीत हमेशा सत्य की होती है और सच हमारे साथ है। डोटासरा ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी या इस देश का कोई भी नागरिक भाजपा और आरएसएस से डरने वाला नहीं है। न तो हम लोग टूटने वाले हैं, न हम झुकने वाले हैं। यह लोग ईडी ले आए या सीबीआई ले आएं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, राजस्थान के कार्यकर्ता लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें।

आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत पौधे लगाए

गोविंद गुरु की कर्मस्थली धूनी मगरी धाम पर हुआ आयोजन

सीमलवाड़ा। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत वागड़ संत गोविंद गुरु की कर्मस्थली धूनी मगरी धाम बांसिया में प्रशासन की ओर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव, जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपेंद्र सिंह राठौड़, गिरवर गिरी महाराज, अजमल गिरी, सरपंच सूरज देवी डोडियार, एसडीएम महेश गगोरिया, तहसीलदार जगदीश चंद्र बामणिया के सानिध्य में विभिन्न किस्म के पौधों का रोपण किया गया। इससे पूर्व जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव व सीईओ दीपेंद्र सिंह राठौड़ ने गोविंद गुरु की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बांसिया में पहली बार आगमन पर जिला कलक्टर का स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत उद्बोधन पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार ने देकर धाम पर विकास कार्य करवाने की मांग की। संचालन गुणवंत कलाल ने किया।जिला कलक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने कहा कि देश।5 वा आजादी महोत्सव मना रहा है। पवित्र धाम परिसर में वृक्षारोपण कर इस क्षण को याद

किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण कर जल संरक्षण करने का आव्हान किया। वर्तमान परिस्थितियों में पेड़ पौधे की महत्ता अत्यधिक हो गई है। कलक्टर यादव ने गोविंद गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान करते हुए कहा कि गोविंद गुरु का जीवन आदर्श जीवन है। मास मदिरा का सेवन नही करने, जीवदया का भाव रखने, सत्य मार्ग पर चलने, भक्ति धारा से जुड़े रहने, बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ संस्कार देने साथ ही सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ उठाने का आव्हान किया। सीईओ राठौड़ ने बताया कि धाम पर मनरेगा योजना अन्तर्गत उद्यान लगाने का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्रार्थना पत्र भी सौंपे जिसमें जोगी समाज के लिए शमशान घाट निर्माण को लेकर भूमि आवंटित करने, बस स्टैंड के पास अतिक्रमण हटाने, सीमांकन कराने, मंडेरी टांडा में दस घरों में पिछले 10 दिनों से विद्युत आपूर्ति बंद रहने, हैंडपंप में अतिरिक्त पाइप डालने, बालिका छात्रावास में एक बालिका बीमार होने एवं स्टाफ नदारद मामले में सख्त कार्रवाई करने, अखिल भारतीय बंजारा युवा सेना प्रदेश अध्यक्ष उदयलाल बंजारा ने गोविंद गुरु की जन्मस्थली एवं कर्मस्थली में विकास कार्य कराने की मांग की। इस दौरान पूंजीलाल भगोरा, नारायण गिरी, प्रेमगिरी, विक्रम सिंह चौहान, किशू भाई यादव, रमण लाल डामोर, जीवा भाई डेंडोर, प्रताप बंजारा, कांति लाल बंजारा, बंशीलाल रावल, दिनेश कलाल, मगन यादव, जगदीश बंजारा, सहायक विकास अधिकारी विशाल टेलर, सुखदेव रोत, ग्राम विकास अधिकारी भंवर लाल बंजारा, पटवारी संगीता पाटीदार सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्री योजना में 1933 यात्रियों का हुआ चयन

हवाई यात्रा के लिए 193 और रेल यात्रा के लिए 1740 का चयन

जयपुर। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्री योजना के तहत स्वायत्त शासन नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल की अध्यक्षता में गठित समिति ने मंगलवार को माननीय मंत्री के राजकीय निवास से तीर्थयात्रियों की ऑनलाइन लॉटरी निकाली। इस दौरान जिला कलक्टर जयपुर प्रकाश राजपुरोहित एवं सहायक आयुक्त-प्रथम देवस्थान आकाश रंजन उपस्थित रहें। इस ऑनलाइन लॉटरी के तहत 1933 तीर्थयात्रियों का चयन किया गया जिन्हें राज्य सरकार की तरफ से नि:शुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। इस मौके पर धारीवाल ने कम्प्यूटर पर तैयार विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से क्लिक करते हुए जयपुर जिले से प्राप्त कुल 6 हजार 761 आवेदनों में से 1933 यात्रियों का अलग-अलग चयन किया। इस लॉटरी के माध्यम से हवाई तीर्थयात्रा हेतु कुल 193 यात्रियों का तथा रेल से तीर्थयात्रा हेतु 1740 यात्रियों का चयन किया गया। उन्होंने जिले से चयनित समस्त 1933 यात्रियों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा के लिए शुभकामना दी है।

सोनिया को ED ने आज फिर बुलाया, 50 कांग्रेस सांसद हिरासत में

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से ED की पूछताछ मंगलवार शाम को खत्म हो गई है। वे सुबह 11 बजे ED दफ्तर पहुंची थीं। यहां उनसे दो राउंड में पूछताछ हुई। पहले राउंड में सोनिया से दोपहर 1.30 बजे तक पूछताछ चली। लंच के बाद सोनिया गांधी करीब 3:30 बजे फिर से जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचीं, यहां उनसे करीब 7 बजे तक पूछताछ हुई। बुधवार को उन्हें फिर बुलाया गया है। दूसरी ओर पूछताछ के खिलाफ पार्टी सांसदों के साथ राहुल गांधी विजय चौक के पास धरने पर बैठ गए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने कांग्रेस यूथ अध्यक्ष के बाल खींचे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने कांग्रेस नेता को पकड़कर जबरन गाड़ी में बिठा लिया। कांग्रेस नेताओं को विरोध प्रदर्शन करने से रोकने पर सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ये आवाज कुचलने की कोशिश है। केंद्र एजेंसी के जरिए कांग्रेस नेताओं को टारगेट कर रही है। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल समेत 50 सांसदों को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा है कि इन सांसदों को पुलिस कहीं अज्ञात जगह पर ले जा रही है।

जयपुर शहर की ट्रैफिक और ट्रांसपोर्ट व्यवस्था पर मुख्य सचिव ने किया गहन मंथन

पब्लिक ट्रांसपोर्ट के तलाशें नए रूट :उषा शर्मा

जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर में बढ़ती आबादी और बढ़ते वाहनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसके लिए ऐसे नए रूट तलाशे जाएं जहां सिटी ट्रांसपोर्ट और मिनी बसों के रूट नहीं है। उन्होंने आमजन की सुविधा के लिए नए रूटों को 15 दिनों के भीतर चिन्हित करने के निर्देश दिए। शर्मा आज मंगलवार को शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की आरएसआरटीसी व आरएसबीटीडीए की बजट घोषणाओं से संबंधित अंतर विभागीय मुद्दों पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं इस अवसर पर जेडीए आयुक्त रवि जैन के निर्देशन में जयपुर क्षेत्र के लिए कंप्रिहेंसिव ट्रेफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन स्टडी का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। मुख्य सचिव ने ट्रांसपोर्ट प्लान पर आधारित विस्तृत

प्रस्तुतीकरण पर जेडीए, परिवहन, गृह, स्वायत शासन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ गहन मंथन किया। प्रस्तुतीकरण में जयपुर शहर में भीड़-भाड़, पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट, चौराहों की स्थिति, परकोटा क्षेत्र की समस्याओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की वर्तमान स्थिति और नए मार्ग, ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन और पार्किंग, हॉकर्स व स्ट्रीट वेंडर्स के निर्धारित स्थान इत्यादि सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं से जुड़े शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म, और लॉन्ग टर्म उपायों पर सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर देश का प्रमुख पर्यटन स्थल है और परकोटा विश्व विरासत में सम्मिलित है। ऐसे में परकोटे को भीड़भाड़ से मुक्त कर उपयुक्त ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए।